10वीं कक्षा की जिला स्तरीय अर्ध वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र – 2022–23

DISTRICT LEVEL MID-TERM EXAMINATION QUESTION PAPER (2022-23)

समय:3 घंटे विषय :तृतीय भाषा हिंदी (61H) गरिष्टतम अंक:80

I निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए है, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए – ***8 X 1=8***

1. निम्नलिखित में से बहुवचन है –
   A) डिब्बा B) दायरा C) कमरा D) किताबें
2. " शिक्षित " शब्द का विलोम रूप है –
   A) शिक्षण B) अशिक्षित C) शिक्षा D) दीक्षा
3. " अध्यापक " शब्द का स्त्री लिंग रूप है –
   A) अध्यापिका B) अध्यापकी C) लेखिका D) शिक्षक
4. " करना " शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   A) कर B) कराना C) करवाना D) करोना
5. " पर्वतावली " शब्द में संधि है –
   A) दीर्घ B) गुण C) वृद्धी D) अयादि
6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –
   A) चौमास B) राजवंशज C) भरपेट D) माता–पिता
7. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम _____ हुआ । रिक्त स्थान में सही कारक होगा–
   A) ने B) को C) में D) की
8. बड़ा अच्छा सवाल है ! इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
   A) विस्म्यादिबोधक B) अर्ध विराम C) अल्प विराम D) पूर्ण विराम

II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबधित शब्द लिखिए–4X1=4

9. कश्मीरी सेब : ईमानदारी की सीख : : गिल्लू : _____
10. पं राजकिशोर : मजदूरों के नेता : : बसंत : _____
11. इंटरनेट : अंतर्जाल : : कंप्यूटर : _____
12. हरे–भरे हैं : खेत : : फल फूलों से युत : _____

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए – ***4 X 1=4***

3. लेखक का जी क्यों ललचा उठा ?
4. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?
15. मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता उतरता है ?
16. तुलसीदास मुखिया को किसके समान मानते है ?

schools.aglasem.com

IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए – *8 X 2=16*

17. दूकानदार ने लेखक से सेब के बारे में क्या कहा ?
18. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाए ?
19. जैनुलाबदीन नमाज़ की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ?
20. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या सहायता मिलती है ?
21. भारत के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
22. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
23. शनि को ठंडा ग्रह क्यों कहते हैं ?

या

शनि का उपग्रह 'टाइटन' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

24. शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है?

या

शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?

V निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए – *9 X 3=27*

25. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?
26. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्माजी की ममता का वर्णन कीजिए ।
27. अब्दुल कलाम के पिता जैनुलाबदीन के बारे में आप क्या जानते हैं?
28. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?
29. वीडियो कान्फरेन्स के बारे में लिखिए ।
30. मातृभूमि कविता में मातृभूमि की विशेषताओं का परिचय कैसे किया गया है ?
31. "प्रकृति पर सर्वत्र,विजयी पुरूष आसीन " इन पंक्तियों का आशय समझाइए ।
32. **दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए –**

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी में कीजिए –**

कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं ।इसलिए कर्नाटक को **'चंदन का आगार'** कहते हैं । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं ।

VI निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच – छः वाक्यों में लिखिए – *2 X 4=8*

34. बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था । कैसे ?

या

पं. राजकिशोर और बसंत में आप किसे श्रेष्ट मानते है ? क्यों ?

schools.aglasem.com

aglasem.com

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए –

मुखिया मुख _____ । *या* राम नाम _____ ।
_____ सहित विवेक ॥ _____चाहसी उजियार ॥

VII 36. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – *1 X 4=4*

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्तजी का जन्म चिरगाँव,झांसी जिला उत्तर प्रदेश में हुआ । इनके पिता श्री सेठ रामचरण भी ब्रजभाषा के कवि थे । साहित्य सेवा के स्म्मानार्थ सन 1961 ई,में उन्हें "पद्म भूषण" उपाधि मिली । साकेत इनकी महाकाव्य है ।

क) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्तजी का जन्म कहाँ हुआ ?
ख) मैथिलीशरण गुप्तजी के पिता का नाम क्या था ?
ग) गुप्तजी को पद्मभूषण उपाधि क्यों मिली ?
घ) गुप्तजी की महाकाव्य का नाम क्या था ?

VIII 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए – *1 X 4=4*

अ) आजादी का अमृत महोत्सव

* विषय प्रवेश
* उद्देश्य
* आचरण
* उपसंहार

आ) इंटरनेट

* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* विविध क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग
* उपसंहार

इ) स्वच्छ भारत अभियान

*प्रस्तावना
*सफाई का महत्व
*अभियान को सफल बनाने में आप का सुझाव
*उपसंहार

IX निम्न लिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए – *1 X 5=5*

38. अस्वस्थता कारण बताते हुए छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

या

अपनी पढाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com